बीएसएफ का 57वाँ स्थापना दिवस

चर्चा में क्यों?

1 दिसंबर, 2021 को झारखंड के हज़ारीबाग में भारतीय सीमा सुरक्षा बल प्रशिक्षण केंद्र और स्कूल मेरु कैंप ने बीएसएफ का 57वाँ स्थापना दिवस मनाया।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर राज्यपाल रमेश बैस ने मुख्य अतिथि के रूप में समारोह का उद्घाटन किया और प्रशिक्षण शिविर के परिसर का अवलोकन किया।
- राज्यपाल ने कहा कि यह सभी के लिये गर्व की बात है कि सीमा सुरक्षा बल 1 दिसंबर, 1965 से अर्धसैनिक बल के रूप में देश की सेवा में लगातार काम कर रहा है। श्री के एफ रूस्तमजी इसके पहले प्रमुख और संस्थापक थे। श्री पंकज कुमार सिंह वर्तमान में सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक हैं
- 1965 में कुल 25 बटालियन के साथ सीमा सुरक्षा बल का गठन हुआ था और समय के साथ पंजाब, जम्मू व कश्मीर, नार्थ-ईस्ट में आतंकवाद की रोकथाम के लिये सीमा सुरक्षा बल का विस्तार होता रहा ।
- वर्तमान समय में सीमा सुरक्षा बल की 192 बटालियन (3 एन.डी.आर.एफ बटालियन सहित) और 7 आर्टी रेजिमेंट भारत- पाकिस्तान और भारत-बांग्लादेश की अंतर्राष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा में तैनात हैं।
- इसके अतिरिक्त सीमा सुरक्षा बल कश्मीर घाटी में घुसपैठ, नार्थ-ईस्ट क्षेत्र में आंतरिक सुरक्षा, ओडिशा एवं छत्तीसगढ़ में नक्सल विरोधी अभियान और भारत-पाकिस्तान एवं भारत-बंग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर एकीकृत जाँच चौकी में तैनात है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/57th-raising-day-of-bsf